अ.अ.मा.सं. RDSO
रेल अग्रदूत Transforming Railways
www.rdso.indianrailways.gov.in

प्रज्ञप्ति
HIGHLIGHTS

खण्ड–35 Vol. 35 | अंक–3 No. 3 | त्रैमासिक Quarterly | जुलाई–2025 | July-2025

## सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास), रेलवे बोर्ड एवं भारत सरकार के पदेन सचिव का आर.डी.एस.ओ. दौरा




श्री हितेन्द्र मल्होत्रा, सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास), रेलवे बोर्ड एवं भारत सरकार के पदेन सचिव ने दिनांक 02.06.2025 को आर.डी.एस.ओ. का दौरा किया। श्री दिनेश शुक्ला पीईडी/आरएस ने श्री मल्होत्रा, सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास), श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. एवं रेलवे बोर्ड, सीआरआईएस के अधिकारियों का इस समीक्षा बैठक में स्वागत किया।

श्री मल्होत्रा एवं महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ., श्री उदय बोरवणकर ने आर.डी.एस.ओ. के अधिकारियों एवं अनुमोदित आपूर्तिकर्ताओं के साथ इलेक्ट्रॉनिक इन–मोशन वेइब्रिज (ईआईएमडब्ल्यूबी) के प्रदर्शन की समीक्षा की। ईआईएमडब्ल्यूबी रेलवे में मालगाड़ियों के गतिशील भार मापन के लिए एक महत्वपूर्ण स्थापना है। इन वेइब्रिजों का सुचारु संचालन न केवल ट्रेन संचालन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि मालगाड़ियों के सही भाड़ा निर्धारण के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने वेइब्रिज की विश्वसनीयता, सटीकता और वर्तमान 15 किमी/घं. की मापन गति में वृद्धि हेतु नई तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया।

महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. श्री उदय बोरवणकर ने श्री हितेन्द्र मल्होत्रा को अवगत कराया कि सभी परियोजनाएं समयबद्ध रूप से प्रगति पर हैं और लक्ष्य के अनुसार पूरी की जाएंगी। उन्होंने आर.डी.एस.ओ. अधिकारियों एवं वेइब्रिज निर्माताओं को सभी मुद्दों पर विस्तृत विचार–विमर्श कर एक वस्तुनिष्ठ कार्य योजना बनाकर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का सुझाव भी दिया।

## सदस्य (कर्षण एवं चल स्टॉक), रेलवे बोर्ड ने आर.डी.एस.ओ. का दौरा किया



आर.डी.एस.ओ. में श्री ब्रज मोहन अग्रवाल, सदस्य (कर्षण एवं चल स्टॉक), रेलवे बोर्ड की अध्यक्षता में उत्पादन इकाइयों के पी.सी.एम.ई. एवं सी.डी.ई. तथा आर.डी.एस.ओ. के प्रधान कार्यकारी निदेशकों एवं कार्यकारी निदेशकों के साथ रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दिनांक 11.04.2025 को कोचिंग स्टॉक की विश्वसनीयता में सुधार के संबंध में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में, मदों के मानकीकरण, नई प्रौद्योगिकियों के प्रसार तथा कोचों में यात्री सुविधाओं में और सुधार के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई।

सदस्य (कर्षण एवं चल स्टॉक), रेलवे बोर्ड, श्री ब्रज मोहन अग्रवाल ने आर.डी.एस.ओ. की सराहनीय भूमिका पर प्रकाश डाला और उचित डिजाइन विनिर्देश तैयार करने और गुणवत्ता ऑडिट करने के महत्व पर जोर दिया। इससे भारतीय रेलवे का चुनौतीपूर्ण समय के दौरान विश्वसनीय और तेज सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित होगा।

## आर.डी.एस.ओ. में भारत रत्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर जी के 134वें जन्म दिवस समारोह का आयोजन



अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन में दिनांक 15.04.2025 को देश के महापुरूष, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के 134वें जन्म दिवस (14 अप्रैल) समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आर.डी.एस.ओ. के अपर महानिदेशक, श्री पी. के. क्षत्रिय एवं अन्य उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने डॉ. अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। अपर महानिदेशक, श्री पी. के. क्षत्रिय ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का व्यक्तित्व बहुमुखी विशेषताओं का अद्भुत संगम था। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि 'डॉ. बी. आर. अम्बेडकर एक शानदार संविधानवादी, दूरदर्शी समाजवादी और प्रतिष्ठित विधिवेत्ता थे। एक राष्ट्रवादी और विद्वान साहित्यकार के रूप में उनका कार्य लाखों लोगों को प्रेरित करता है। बुद्धिमता और अटूट समर्पण से चिह्नित बाबासाहेब का जीवन हमें चुनौतियों का सामना करने और अधिक न्यायपूर्ण और समान समाज की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है।'

इस समारोह में श्री पी. एस. शमी/महानिदेशक (विशेष) वेंडर विकास, आर.डी.एस.ओ. के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं मान्यता प्राप्त संघों के सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## आर.डी.एस.ओ. द्वारा विशेष अभियान 4.0 में योगदान

भारत सरकार के विशेष अभियान 4.0 के तहत, आर.डी.एस.ओ. स्वच्छता को बढ़ावा देने और कार्यालयों में लंबित कार्यों के बैकलॉग को कम करने तथा लंबित प्रशासनिक मामलों के समय पर समाधान सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

स्वच्छ और स्वस्थ कार्य वातावरण के लिए सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप, आर.डी.एस.ओ. ने अपने सभी कार्यालयों और प्रयोगशालाओं में व्यापक सफाई अभियान चलाया है। इसमें कार्यालयों, प्रयोगशालाओं की पूरी तरह से सफाई के साथ–साथ अप्रचलित और गैर–कार्यात्मक उपकरणों का सुरक्षित निपटान शामिल है। अभियान के तहत, शौचालय, बैठक कक्ष और गलियारों जैसे सामान्य क्षेत्रों में भी स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित




किया जा सके कि आर.डी.एस.ओ. का कार्यस्थल स्वच्छता के उच्च मानकों को पूरा करता है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए, आर.डी.एस.ओ. में 98 कार्यालयों और 113 साइटों की सफाई की गई, 22638 किलोग्राम स्क्रैप का निपटान किया गया और स्क्रैप के निपटान के बाद स्थान के बेहतर प्रबंधन के लिए 4735 वर्ग फीट जगह खाली की गई। कार्यालय स्क्रैप निपटान से आर.डी.एस.ओ. को 975975 रुपये का राजस्व भी प्राप्त हुआ।

विशेष अभियान 4.0 के तहत लंबित फाइलों में कमी लाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, आर.डी.एस.ओ. अपने रिकॉर्ड प्रबंधन की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जिससे कागजों की अव्यवस्था कम हो रही है और फाइलें आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। इस कार्य के अंतर्गत जनवरी–मार्च, 2025 के दौरान कुल 10780 भौतिक फाइलों की समीक्षा की गई, 7488 भौतिक फाइलों को हटाया गया तथा 1532 ई–फाइलों की समीक्षा की गई। इससे महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यों को तेजी से पूरा करने में मदद मिली है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि किसी भी कार्य में देरी न हो।

## आर.डी.एस.ओ. में विश्व पर्यावरण दिवस–2025 का आयोजन



विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून 2025) के अवसर पर, रेलवे महिला कल्याण संघ (आरडब्ल्यूडब्ल्यूए), आर.डी.एस.ओ. ने पक्षी विहार में एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व श्रीमती मनीषा बोरवणकर, अध्यक्षा/आरडब्ल्यूडब्ल्यूए/ आर.डी.एस.ओ. द्वारा किया गया। श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. ने वरिष्ठ अधिकारियों एवं आरडब्ल्यूडब्ल्यूए/आर.डी.एस.ओ. की सदस्यों के साथ सक्रिय रूप से वृक्षारोपण में भाग लिया। उन्होंने इस दौरान अनेक प्रकार के पौधों का रोपण किया, जो आशा, प्रगति और स्वच्छ पर्यावरण का प्रतीक बने।




आर.डी.एस.ओ. के परीक्षण निदेशालय ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्थिरता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न पर्यावरण–अनुकूल गतिविधियों का आयोजन किया। नव–विकसित "परी–कल्प गार्डन" जो कि निदेशालय के कर्मचारियों द्वारा ही संकल्पित और संरक्षित किया गया था, का उद्घाटन किया गया। कर्मचारियों ने पुनर्चक्रित प्लास्टिक और कबाड़ सामग्री से बनाए गए सजावटी शिल्पों के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। प्रमुख प्रदर्शनों में खूबसूरती से तैयार की गई मोर की मूर्ति, जो रचनात्मकता और सुन्दरता का प्रतीक है, कबाड़ से बनाए गए कार्यात्मक कुर्सियां, प्राकृतिक सामग्रियों से बनाए गए वर्डहाउस, फेंकी गई प्लास्टिक सामग्री से तैयार की गई 'आई लव टेस्टिंग' तथा निरूपयोगी लकड़ी के टुकड़ों से बनाए गए मिनी ट्रेन मॉडल शामिल थीं।

आर.डी.एस.ओ. में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दो–सप्ताहीय जागरूकता अभियान का समापन समारोह संस्थान के नए ऑडिटोरियम में 5 जून 2025 को आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, आर.डी.एस.ओ. द्वारा 'प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें' विषय पर आधारित एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गयी, जिसने दर्शकों को अत्यंत प्रभावी ढंग से संदेश पहुंचाया और खूब सराहना प्राप्त की। इस अवसर पर अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए, साथ ही सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत एवं टीम प्रयासों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में सभी को यह संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन की औपचारिकता न होकर, एक सतत जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। यह आयोजन न केवल आर.डी.एस.ओ. की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि प्रत्येक कर्मचारी को व्यक्तिगत योगदान हेतु प्रेरित भी करता है।





## आर.डी.एस.ओ. द्वारा 'फिट इंडिया मूवमेंट' के अंतर्गत स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने हेतु 'Sundays on Cycle' कार्यक्रम का आयोजन



आर.डी.एस.ओ. में फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आर.डी.एस.ओ. खेल संघ द्वारा 'Sundays on Cycle' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच फिटनेस, स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था।

इस 3 किलोमीटर साइक्लिंग कार्यक्रम की शुरुआत आर.डी.एस.ओ. स्टेडियम से हुई, जिसमें रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों, बच्चों और फिटनेस प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधियों के महत्व को उजागर किया गया।

श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ., श्री पी. के. क्षत्रिय, अपर महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. तथा श्री पी. के. पांडे, अध्यक्ष/आर.डी.एस.ओ. खेल संघ इस अवसर पर उपस्थित रहे, एवं उन्होंने स्वयं भी इस साइकिल यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लिया। श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. ने उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए साइक्लिंग को अपनाने हेतु प्रेरित किया।

## आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन



आर.डी.एस.ओ. के महानिदेशक श्री उदय बोरवणकर की अध्यक्षता में दिनांक 25.06.2025 को आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में महानिदेशक महोदय ने पिछली तिमाही में राजभाषा के प्रचार–प्रसार और राजभाषा में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। महानिदेशक महोदय ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों से अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने का आग्रह किया।

आर.डी.एस.ओ. के मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री दिनेश वर्मा ने समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए राजभाषा संबंधी क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही, राजभाषा पत्रिका "मानक रश्मि" का विमोचन महानिदेशक महोदय द्वारा किया गया। तत्पश्चात, श्री विनीत द्विवेदी, कार्यकारी निदेशक/वित्त को राजभाषा नीति के प्रचार–प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने एवं अपना अधिकांश कार्य राजभाषा में करने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदत्त रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक एवं प्रशस्ति–पत्र से समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया।

राजभाषा अधिकारी श्री अखिलेश उपाध्याय द्वारा विषयगत तिमाही की राजभाषा से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुतत की गयी। संगठन के श्री आर.के. रस्तोगी, उप निदेशक/शहरी परिवहन निदेशालय द्वारा "मेट्रो रेल परिचालन में डिजिटल परिवर्तन" विषय पर प्रस्तुति राजभाषा में दी गयी।

## आर.डी.एस.ओ. की विक्रेता आधार को सुदृढ़ करने हेतु उद्योग संवाद की पहल



श्री पी. एस. शमी, महानिदेशक विशेष/विक्रेता विकास, आर.डी.एस.ओ. ने 22 मई 2025 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में मेट्रो रेल न्यूज द्वारा आयोजित इनोमेट्रो के पांचवें संस्करण में उद्योग प्रतिनिधियों को संबोधित किया।

विशिष्ट अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में श्री शमी ने भारतीय रेलों में उपलब्ध अपार व्यावसायिक अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आर.डी.एस.ओ. में प्रचलित खरीद नीतियों और विक्रेता स्वीकृति प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उनके इस व्याख्यान से उपस्थित उद्योग प्रतिनिधियों को भारतीय रेल क्षेत्र की व्यापक संभावनाओं को समझने और उसका लाभ उठाने में मदद मिली।

अपने संबोधन के पश्चात श्री शमी ने कई उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद किया और सहयोग तथा नवाचार के विभिन्न संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की। इससे भारतीय रेल और उद्योग जगत के बीच परस्पर सहयोगात्मक संबंधों को और अधिक बल मिला।

## आर.डी.एस.ओ. में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस–2025 मनाया गया



आर.डी.एस.ओ. द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों की श्रृंखला का आयोजन किया गया। गतिविधियों की श्रृंखला की शुरुआत 13 जून 2025 को आयोजित एक विशेष योग कार्यशाला से हुई। कार्मिक निदेशालय द्वारा नए सभागार में विशेष रूप से आउटसोर्स और लेवल–वन कर्मचारियों के लिए योग के महत्व से परिचित कराने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध योग विशेषज्ञ वंदना बरनवाल, राज्य समन्वयक, पतंजलि योग समिति, उत्तर प्रदेश ने योग के मूल सिद्धांतों, प्राणायाम, ध्यान और सरल योगासनों का अभ्यास करवाया। उन्होंने योग को एक समग्र जीवनशैली बताते हुए इसके शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत गतिविधियों की श्रृंखला को जारी रखते हुए, आरडीएसओ द्वारा 16 जून 2025 को योग जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 'योग का महत्त्व' विषय पर एक विशेष वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. प्रशांत राय, प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा विभाग, महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ ने योग, शरीर क्रिया विज्ञान और सचेतन के अपने गहन अनुभवों को प्रतिभागियों के साथ साझा किया। उन्होंने योग को मानसिक, शारीरिक व भावनात्मक संतुलन का प्रभावी माध्यम बताया।



महिला कर्मचारियों के लिए विशेष योग सत्र दिनांक 18 जून 2025 को आर.डी.एस.ओ. ऑडिटोरियम में आयोजन किया गया, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बी. के. स्वर्णलता दीदी द्वारा तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच एवं आंतरिक ऊर्जा विकास पर आधारित व्यावहारिक अभ्यास कराए गए। महिला कर्मचारियों ने इसे सशक्तिकरण और स्वास्थ्यवर्धक अनुभव बताया।

आर.डी.एस.ओ. द्वारा 20 जून 2025 को मानसिक स्वास्थ्य व समग्र कल्याण पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजधानी हॉल, आर.डी.एस.ओ. कॉलोनी में भिक्षु शील रतन जी, (बुद्ध विहार, लखनऊ) के मार्गदर्शन में विपश्यना ध्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें आत्मनिरीक्षण व मानसिक शुद्धि के माध्यम से आंतरिक शांति प्राप्त करने की विधियाँ सिखाई गईं।

इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 की पूर्व संध्या पर 20 जून 2025 को आर.डी.एस.ओ. के यातायात एवं मनो–तकनीक निदेशालय में योग एवं ध्यान पर एक विशेष सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों को प्राणायाम, ॐ शब्द के उच्चारण व वैदांतिक ध्यान–तकनीकों के माध्यम से आत्म–चेतना व संगठनात्मक सहयोग की भावना विकसित करने का अभ्यास कराया गया।



आर.डी.एस.ओ. द्वारा दिनांक 21 जून को 'योग संगम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विशाखापत्तनम से प्रसारित लाइव योग कार्यक्रम के साथ सामंजस्य में किया गया। आर.डी.एस.ओ. के अधिकारियों, कर्मचारियों, परिजनों और छात्रों ने सामूहिक रूप से लाइव प्रसारण देखा और योगाभ्यास किया। बैडमिंटन हॉल, विद्यालयों एवं पार्कों सहित विभिन्न स्थलों पर योगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास प्रशिक्षकों के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम ने प्रधानमंत्री के 'योग से सहयोग' और 'एक भारत – स्वस्थ भारत' के संदेश को साकार करते हुए स्वास्थ्य, एकजुटता और सामूहिक चेतना का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

## आर.डी.एस.ओ. में रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा श्रमिक दिवस मनाया गया



रेलवे महिला कल्याण संगठन (RWWA), आर.डी.एस.ओ. अध्यक्षा, श्रीमती मनीषा बोरवणकर की अध्यक्षता में दिनांक 28.04.2025 को श्रमिक दिवस बहुत ही हर्ष के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रमिकों को कई गेम खेलने का अवसर भी दिया गया जिसमें श्रमिकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और श्रमिकों को पुरस्कृत किया गया।

श्रमिक दिवस के अवसर पर उपाध्यक्षा, श्रीमती मिथिलेश शमी, उपाध्यक्षा, श्रीमती नीतू क्षत्रिय, सचिव, श्रीमती शालिनी वर्मा, श्रीमती मीरा शुक्ला, श्रीमती सरोज सिंह, श्रीमती नमिता वर्मा, श्रीमती सोनम गौड़, श्रीमती नेहा गुप्ता और श्रीमती प्रज्ञा सिंह उपस्थित रही। श्रमिकों ने मजदूर दिवस समारोह पर अपार खुशी और सराहना व्यक्त की।

## आर.डी.एस.ओ. अस्पताल में 38 अत्याधुनिक मोटरयुक्त बेड लगाए गए



आर.डी.एस.ओ. अस्पताल अपने रोगियों और समुदाय के लाभ के लिए नवीनतम चिकित्सा प्रगति को अपनाने के लिए समर्पित है। इसी क्रम में आर.डी.एस.ओ. अस्पताल में 38 अत्याधुनिक मोटराइज्ड बेड लगाए गए हैं। इन उन्नत बेड को रोगी के आराम और सुरक्षा को बढ़ाने के साथ–साथ चिकित्सा देखभाल की दक्षता में भी सुधार करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह महत्वपूर्ण वृद्धि न केवल आर.डी.एस.ओ. चिकित्सा लाभार्थियों को बेहतर इन–पेशेंट सुविधाएं प्रदान करके लाभान्वित करेगी, बल्कि आर.डी.एस.ओ. के डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों को अधिक प्रभावी और कुशल देखभाल प्रदान करने में भी सहायता करेगी।

ये उन्नत बेड आधुनिक सुविधाओं जैसे कि समायोज्य ऊंचाई, बैकरेस्ट और लेग सपोर्ट पोजिशनिंग, आसान गतिशीलता और उपयोगकर्ता के अनुकूल रिमोट कंट्रोल ऑपरेशन के साथ आए हैं, जो अस्पताल में भर्ती होने के दौरान रोगी के आराम और सुरक्षा को अधिकतम करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इन बेडों की स्थापना से आर.डी.एस.ओ. चिकित्सा लाभार्थियों को अधिक आरामदायक और सम्मानजनक इन–पेशेंट अनुभव प्रदान करके उच्च स्तरीय लाभ होने की उम्मीद है।

## आर.डी.एस.ओ. अस्पताल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



आर.डी.एस.ओ. अस्पताल में 7 अप्रैल, 2025 को 'स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य' पर ध्यान केंद्रित करते हुए 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों और आम जनता को प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल के साथ–साथ गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। इस अवसर पर डॉ. उर्वशी यादव/डीएमओ ने स्वस्थ शुरुआत के लिए गर्भावस्था के दौरान उचित देखभाल के महत्व पर जोर दिया। डॉ. कमल किशोर/पीसीएमओ ने भी लोगों को सहज प्रसव और नवजात शिशुओं की उचित देखभाल सुनिश्चित करने के बारे में शिक्षित किया।

आर.डी.एस.ओ. अस्पताल ने 25 अप्रैल, 2025 को 'विश्व मलेरिया दिवस' मनाया। इस अवसर पर लोगों को जागरूक करने और मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में अस्पताल की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम इस वर्ष की वैश्विक थीम 'मलेरिया हमारे साथ समाप्त होता है: पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जीवन' के अनुरूप था, जो दुनिया भर में मलेरिया को खत्म करने के लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता, नवाचार और सहयोग की आवश्यकता पर जोर देता है। डॉ. सतीश कुमार/सीनियर डीएमओ ने मलेरिया वेक्टर नियंत्रण, लक्षणों की पहचान और निवारक उपायों जैसे आवश्यक विषयों पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने मच्छरों के प्रजनन स्थलों को खत्म करने और बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए मच्छरदानी और मच्छर भगाने वाले साधनों जैसे व्यक्तिगत सुरक्षात्मक तरीकों के उपयोग के महत्व पर जोर दिया। डॉ. कमल किशोर/पीसीएमओ ने मलेरिया की रोकथाम और नियंत्रण में डब्ल्यूएचओ के प्रयासों पर चर्चा की एवं जटिलताओं को रोकने के लिए शीघ्र निदान और उपचार पर भी जोर दिया। इसी क्रम में 8 मई, 2025 को 'विश्व थैलेसीमिया दिवस', 17 मई, 2025 को 'वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे', एवं 31 मई, 2025 को 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।




**Kind Attention to Our Readers :**

- **The achievements and good work done in or out side RDSO, by all officers and staff are always welcome. They may send their brief write-up with photograph to the editor for inclusion in RDSO Highlights.**
- **The RDSO employees are also welcomed to send achievements/write-up of their wards along with photograph for inclusion in RDSO Highlights.**

**Editor, RDSO Highlights**

कार्यकारी निदेशक/प्रशासन, अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, रेल मंत्रालय, लखनऊ द्वारा संपादित एंव प्रकाशित।

**RDSO Website http://www.rdso.Indianrailways.gov.in**

@RDSOLucknow @RDSOLucknowIR @rdso_lucknow @PublicRelationRDSO LinkedIn www.linkedin.com/in/rdsolucknow

Printed at : Prakash Packagers, Lucknow